जेहि जेहि देस धेनु द्विज पावहि । नगर गाऊँ पुर आगि लगावहि !!
धेनु रूप धरि हृदयँ बिचारी । गई तहाँ जहाँ सुर मुनी झारी । ।
|| Ram Katha 964 - *मानस गौ सूक्त || Barsana ( UP) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 75 | इंदौर, शनिवार 27 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## अगर बर्बाद रनवे और जले हैंगर जीत जैसे लगते हैं, तो आनंद लीजिए

**भारत ने UN में लिए पाक के मजे**



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण पर भारत ने जोरदार जवाब दिया है। भारत ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का निर्यातक' बताते हुए उनके 'जीत' के दावों पर व्यंग्य कसा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा, 'अगर बर्बाद रनवे और जले हुए हैंगर जीत जैसे लगते हैं, जैसा कि उनके प्रधानमंत्री ने दावा किया, तो पाकिस्तान इसका आनंद ले सकता है।' भारत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की सेना ने ही संघर्ष रोकने की ''अपील की'' थी और दिल्ली तथा इस्लामाबाद के बीच किसी भी मसले में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। इससे पहले शरीफ ने अपने भाषण में भारत के खिलाफ जीत का दावा किया था। इस पर भारत ने करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के खूब मजे लिए।

शुक्रवार को यूएनजीए के सामान्य बहस सत्र में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत पर 'अकारण आक्रमण' का आरोप लगाया। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए दावा किया कि पाकिस्तानी वायुसेना ने 'उड़ान भरी और सात भारतीय जेट विमानों को मलबे में बदल दिया।' शरीफ ने कश्मीर मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ खड़ा है। इस दौरान शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी जिक्र किया और कहा कि ट्रंप ने मई के संघर्ष के बाद युद्धविराम में 'सक्रिय भूमिका' निभाई।

भारत ने शनिवार को 'जवाब देने के अधिकार' (राइट टू रिप्लाई) का प्रयोग करते हुए पाकिस्तान के दावों को खारिज कर दिया। भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने शरीफ के भाषण को 'बेतुकी ड्रामेबाजी' करार दिया।

◆सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत करने वालों की बनेगी फाइल

# कलेक्टरों से मांगी...ब्लैकमेलरों की रिपोर्ट

**झूठी शिकायत कर ब्लैकमेल करने वालों पर सख्ती**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार ने अब झूठी शिकायतें कर अधिकारियों-कर्मचारियों को ब्लैकमेल करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी करते हुए ऐसे लोगों की जानकारी तय फार्मेट में तलब की है।**

निर्देशों में कहा गया है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल या अन्य प्लेटफॉर्म पर कुछ लोग आदतन व झूठी शिकायतें दर्ज कराते हैं, जिनका मकसद केवल दबाव बनाना और ब्लैकमेल करना होता है। ऐसे मामलों को ध्यान में रखते हुए अब हर जिले से रिपोर्ट



तैयार कर शासन को भेजी जाए। इसके लिए शासन ने एक फार्मेट भी जारी किया है, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर, अब तक की गई कुल शिकायतों की संख्या और उसके बारे में अधिकारियों की टिप्पणी दर्ज की जाएगी। यह जानकारी लेवल अधिकारियों की लॉगिन आईडी के जरिए पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। गौरतलब है कि सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठकों में बार-बार यह तथ्य सामने आया है कि कुछ लोग फर्जी शिकायतें कर अफसरों-कर्मचारियों को परेशान करते हैं। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव पहले ही ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दे चुके हैं। अब पहली बार सरकार ने बाकायदा आदेश जारी कर कलेक्टरों से रिपोर्ट तलब की है। प्रमुख सचिव पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग दीपाली रस्तोगी ने मार्च में इसी तरह के मामले में पत्र लिखा था। इसमें कहा गया कि जिला पंचायत सिवनी के द्वारा जानकारी दी गई है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत के निराकरण के समय कम्प्लैन करने वाले अलग-अलग योजनाओं और विभागों में बार-बार एक ही प्रकार की शिकायतें करते हैं। यह कम्प्लेन ब्लैकमेल किए जाने के लिए की जाती हैं। इसकी पुष्टि इससे होती है कि जब शिकायतों का निराकरण किए जाने के बाद दूरभाष के जरिए शिकायत कर्ता की संतुष्टि के लिए कॉल किया जाता है और शिकायत बंद करने को कहा जाता है तो शिकायत बंद करने के बदले अवैध रूप से राशि मांगी जाती है। सिवनी में इस तरह का एक शिकायत कर्ता सामने आ चुका है जिसके विरुद्ध पुलिस में कम्प्लेन भी हुई है। ऐसी स्थिति की जानकारी दूसरे जिलों से भी समय समय पर आ रही है।

# 60एमडब्ल्यू का सोलर पार्क बनकर तैयार

## एमआईसी में बीआरटीएस हटाने की स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शुक्रवार को इंदौर में एमआईसी (मेयर इन काउंसिल) की बैठक हुई। बैठक में बीआरटीएस कॉरिडोर इंदौर की आरसीसी बीम, एमएस रेलिंग एवं बस शेल्टर्स को तोड़ने के संबंध में प्राप्त ऑफर रेट की स्वीकृति दी गई। निगम वाहनों में पेट्रोल व डीजल के लीकेज को रोकने के लिए 2 हजार लीटर क्षमता के स्मार्ट फयूल डिस्पेंसर टैंक खरीदने के लिए स्वीकृति दी।इसमें डिजिटल सिस्टम के माध्यम से प्रत्येक वाहन की फ्यूल खपत का रिकॉर्ड रखा जाएगा। निगम वाहनों में कितना डीजल/पेटोल भरा गया है, कब भरा गया है, आदि के संबंध मे मॉनिटरिंग की जा सकेगी।**

महापौर ने बताया कि इंदौर देपालपुर में स्वच्छता के लिए वहां की नगर परिषद के साथ एमओयू साइन करेगा। शहर की फायर सुरक्षा के चलते 70 मीटर उंचाई के हायड्रोलिक प्लेटफार्म खरीदे जाएंगे। यह विशेष फायर टेंडर फिनलैंड से असेंबल




होकर पहुंचेगा। - अनुपयोगी सामग्री व पुराने वाहनों को नीलाम किया जाएगा। इसके लिए सर्वेयर की नियुक्ति की जाएगी। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत रुपए 10.78 करोड़ की लागत से बिलावली तालाब और 3.24 करोड़ में छोटा सिरपुर तालाब का विकास व जीर्णोद्धार किया जाएगा। बैठक में आयुक्त दिलीपकुमार यादव, महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौर, अश्विनी शुक्ल, निरंजनसिंह चौहान, नंदकिशोर पहाडिया, अभिषेक शर्मा बबलु, राजेश उदावत, मनीष शर्मा मामा, अपर आयुक्त, विभाग प्रमुख व अन्य उपस्थित थे। इंदौर में 60 मेगावॉट का सोलर पार्क बनकर तैयार हो गया है। यह नवंबर से शुरू हो जाएगा। शुक्रवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें कंपनी के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। यह सोलर पार्क जलूद में बना है। महापौर ने बताया कि इंदौर नगर निगम का हर महीने 22 करोड़ रुपए का बिजली बिल आता है। इस सोलर पार्क से करीब 6 करोड़ रुपए हर माह बचेंगे। इस परियोजना के लिए ग्रीन बॉन्ड के जरिए पैसा निवेश किया था। जिस पर देशभर के निवेशकों ने भरोसा जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस सोलर पार्क का भूमिपूजन किया था। अब अंतिम चरण में कनेक्शन और चार्जिंग कार्य की टेस्टिंग जल्द शुरू होगी और नवंबर से इस पार्क से बिजली आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी। कुछ ट्रांसमिशन लाइनों से जुड़ी चुनौतियां हैं, जिन्हें शीघ्र दूर कर लिया जाएगा। इंदौर देश का पहला नगर निगम होगा जिसने ग्रीन बॉन्ड से इतना बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा सोलर पार्क तैयार किया है।

बहुत जल्द इसका लोकार्पण किया जाएगा। इसके अलावा 30 हजार लीटर क्षमता वाले पोर्टेबल फ्यूल स्टेशन और 6000 लीटर ऑटोमोबाइल डीजल स्टोरेज को किराए पर लेकर डीजल वितरण व्यवस्था, 70 मीटर हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की खरीदी और महापौर पास योजना के तहत सब्सिडी राशि में वृद्धि पर भी फैसला लिया जा सकता है। बैठक में स्मार्ट सिटी योजना के तहत जून 2025 में किए खर्चों के अनुमोदन प्रतिवेदन पर भी चर्चा होगी।

# कांग्रेस ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका

## 'चौराहे पर बहन को चूमते हैं राहुल गांधी' बयान का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शुक्रवार कांग्रेस ने रजवाड़ा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंत्री का विरोध जताते हुए अर्थी निकाली और बाद में उनका पुतला जलाया।



प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सोनाली मिमरोट और रीटा डांगरे के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए अपने विरोध का प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता दीपक पिंटू जोशी ने कहा कि मंत्री विजयवर्गीय का बयान निंदनीय है और उन्हें इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। महिलाओं ने पुतला जलाकर विरोध जताया। मौके पर पुलिस बल मौजूद था, लेकिन आंदोलन में बड़ी संख्या में महिलाओं को देखते हुए पुतले को छीनने की कोशिश नहीं की गई। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में मंत्री इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं तो पार्टी और उग्र आंदोलन करेगी। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हमारी बहनों के यहां पानी तक नहीं पीते हैं, जबकि उनके पिताजी घर से पानी का लोटा लेकर आते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आज के विपक्षी नेता ऐसे हैं जो अपनी जवान बहन को सार्वजनिक जगहों पर चुंबन करते हैं। सभा में मौजूद लोगों से उन्होंने पूछा कि "आपमें से कौन अपनी जवान बहन या बेटी को बीच चौराहे पर चुंबन करता है?" उन्होंने कहा कि यह विदेशी संस्कार हैं और इसमें उनकी गलती नहीं है। विजयवर्गीय ने आगे कहा कि विपक्षी नेता विदेश में पले-बढ़े हैं और प्रधानमंत्री से भी ऐसा व्यवहार देखने को मिलता है। उनका आरोप था कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ सार्वजनिक कार्यक्रमों में अक्सर नजर आते हैं। कई वीडियो और तस्वीरों में राहुल गांधी को अपनी बहन को गले लगाते या चुंबन करते हुए देखा जा सकता है।

# 5 हजार संस्थानों पर लगेगा स्वदेशी वस्त्र बेचते है का बोर्ड



**इंदौर**। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन 28 सितंबर को एक अभियान की शुरुआत कर रहा है। पिछली बार चीन और बांग्लादेशी कपड़ों का बहिष्कार किया गया था। वैसे ही इस बार शहर के 5 हजार संस्थानों पर स्वदेशी तैयार वस्त्र ही बेचते है के बोर्ड लगाएंगे। इसके साथ ही इंदौर से रिटेल का माल जो बाहर जाता है उनके साथ भी इन बोर्ड को रखकर भेजा जाएगा, ताकि वे लोग भी अपनी दुकानों पर ये बोर्ड लगा सके। बता दे कि इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने बीते कुछ महीने पहले चीन-बांग्लादेशी कपड़ों के व्यापार का बहिष्कार किया था। पदाधिकारियों और व्यापारियों ने अपनी दुकानों पर तख्तियां भी चस्पा की थी। यहां तक की विदेशी कपड़ों की होली भी जलाई थी। साथ ही इसे लेकर शपथ भी ली थी। इसी कड़ी में एक नया अभियान एसोसिएशन शुरू करने जा रहा है। आगामी त्योहारों को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया 28 सितंबर से अभियान की शुरुआत होगी। इसे लेकर एक प्रोग्राम भी किया जाएगा, जिसमें सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला सहित कई व्यापारी इसमें शामिल होंगे।

### संभागायुक्त ने एमपीसीए के साथ बैठक की

# महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप-2025 में 5 मुकाबलों की मेजबानी करेगा इंदौर

### 28 सितंबर से टीमें आएंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर को आगामी 13वें महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप-2025 में 5 मुकाबलों की मेजबानी का मौका मिला है। इस संबंध में तैयारियों को लेकर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और नगर निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।**



संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि इंदौर आने वाली चार देशों की महिला क्रिकेट टीमों और उनके स्टाफ को आईसीसी के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुविधाएं दी जाएं। बैठक में संभागायुक्त ने कहा कि स्टेडियम के अंदर और बाहर की सफाई व्यवस्था, वाहन पार्किंग, फॉगिंग, डॉग स्क्वॉड और सड़कों के पेवर्स आदि को उच्चतम स्तर पर बनाए रखा जाए। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि वह समय-समय पर फील्ड अमले की ड्यूटी तय कर सभी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करे। इसके साथ ही, टीमों के आगमन के समय प्रोटोकॉल अनुसार रूट प्लानिंग, प्रैक्टिस सेशन के लिए पर्याप्त समय और एमरजेंसी की स्थिति में मेडिकल रूम, अस्पताल और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एमपीसीए के सचिव रोहित पंडित ने जानकारी दी कि इंदौर को वर्ल्ड कप के 5 मैचों की मेजबानी मिली है। पहला मैच 1 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। महिला टीमों का आगमन 28 सितंबर से शुरू होगा। टीमें अपने-अपने आगमन समय के अनुसार होलकर स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। वर्ल्ड कप का उद्घाटन मैच गुवाहाटी में खेला जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला 20 नवंबर को होगा। सभी मैचों की शुरुआत दोपहर 3 बजे से होगी। आईसीसी ने महिला खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला दर्शकों को टिकट में रियायत देने का निर्णय लिया है। इंदौर में होने वाले मैचों के टिकट 100 रुपए, 200 रुपए और 500 रुपए में उपलब्ध होंगे, जिन्हें आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट से बुक किया जा सकता है। इस वर्ल्ड कप में पेपर टिकट की जगह ई-टिकट (मोबाइल टिकट) को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे प्रवेश प्रक्रिया डिजिटल और सुविधाजनक बन सके।

### इंदौर में होने वाले 5 मुकाबले

**1 अक्टूबर-**
ऑस्ट्रेलिया vs न्यूजीलैंड
**6 अक्टूबर-**
न्यूजीलैंड vs दक्षिण अफ्रीका
**19 अक्टूबर-**
भारत vs इंग्लैंड
**22 अक्टूबर-**
ऑस्ट्रेलिया vs इंग्लैंड
**25 अक्टूबर-**
ऑस्ट्रेलिया vs दक्षिण अफ्रीका

# खंडवा के बदमाश ने इंदौर में उड़ाए 25 लाख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हाल ही में इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बताया जाता है कि जिस परिवार के घर चोरी हुई, वे लगभग 20 दिन से बाहर गए थे। इस दौरान बदमाश ने पहले से रैकी कर वारदात को अंजाम दिया। आरोपी मूल रूप से खंडवा का रहने वाला है और इंदौर में अपनी नानी के पास रह रहा था। उस पर पहले से लगभग एक दर्जन चोरी के मामले दर्ज हैं।**



विजयनगर टीआई चंद्रकांत पटेल की टीम ने जगदीश पंडा निवासी, सीएच स्कीम नंबर 74 के घर हुई चोरी के मामले में दीपक बंसल नामक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से लगभग 25 लाख रुपए का चोरी का माल जब्त किया गया। आरोपी इंदौर में चोरी करने के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पहचान होने के बाद उसे गिरफ्तार किया। दीपक पर करीब 1 दर्जन के लगभग अपराध दर्ज है। वह पहले एमआईजी में चोरी के मामले में पकड़ाया जा चुका है। आरोपी सूने घरों की रैकी करने के बाद चोरी की वारदात को अजांम देता है। पुलिस और चोरियों को लेकर अभी आरोपी से पूछताछ कर रही है। मां की तबीयत खराब होने के चलते जगदीश पंडा और उनका परिवार 20 दिनो से अपने पुश्तैनी गांव गए हुए थे। 21 सिंतबर को वापस आए तो घर का ताला टूटा मिला था। घर के अंदर से करीब 25 लाख कीमत के सोने के जेवर गायब थे। जगदीश के यहां वारदात के बाद पुलिस ने कैमरे देखे तो पहले सफलता नहीं मिली। लेकिन बाद में दीपक एक कैमरे में कैद हुआ। इसके बाद आसपास के थानों में उसके फुटेज भेजे गए तो उसकी पहचान हो गई। अफसर इस मामले में जल्द खुलासा करेंगे।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर, शनिवार
27 सितंबर, 2025


# श्री महेंद्र पालीवाल
## को जीवन बीमा निगम, शाखा बड़वानी द्वारा आयोजित समारोह में
# गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड
## प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया




LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

CONGRATULATIONS

MAHENDRA KUMAR PALIWAL , 0009234K , 34T-BADWANI

You participated in the
GUINNESS WORLD RECORDS™
title attempt for
THE MOST LIFE INSURANCE POLICIES SOLD
IN 24 HOURS IS 588,107
achieved by Life Insurance Corporation of India, across India
on 20 January 2025

r power packed performance made this record possible.
Thank you for your valuable contribution.
Siddhartha Mohanty
CEO & MD LIC of India

OFFICIAL ATTEMPT

**मुस्लिम कर्मचारियों को रखने का विवाद**

# एकलव्य गौड़ बोले-महिलाओं से जुड़ा बाजार लव जिहाद का खतरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में लव जिहाद रोकने के लिए भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्य गौड़ ने शीतलामाता बाजार के व्यापारियों से कहा है कि वे अपनी दुकानों से मुस्लिम कर्मचारियों को हटा दें। गौड़ ने 25 सितंबर तक का अल्टीमेटम दिया था, जो कि कल पूरा हो चुका है। गौड़ का कहना है कि अभी हम एक दिन और देखेंगे। हमारी बात नहीं मानी तो हम इसे अपने तरीके से निपटाएंगे।**

मुस्लिम व्यापारी और कर्मचारी इसका विरोध कर रहे हैं। इधर, इस चेतावनी का इंदौर के मार्केट में असर देखने को मिल रहा है। अधिकांश व्यापारियों ने अपने यहां काम करने वाले मुस्लिमों को हटा दिया है। इनका कहना है कि हम सेल्समैनों को निकालना नहीं चाहते, लेकिन निर्देशों का पालन कर रहे हैं। सदियों पुरानी एकता को खत्म किया जा रहा है। हिंद रक्षक के संयोजक और बीजेपी नगर उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह गौड़ ने कहा कि हमने 1 महीने पहले शीतलामाता बाजार



के व्यापारियों के साथ बैठक की थी। यह बाजार महिला प्रधान है। यहां आने वाले अधिकांश ग्राहक महिलाएं होती हैं। इस बाजार से लगातार हमारे पास कुछ न कुछ शिकायतें आ रही थीं। सेल्समैन छेड़छाड़ करते हैं, रास्ता रोकते हैं और लव जिहाद के क्रियाकलाप में शामिल हैं। शिकायतें मिलने के बाद मैंने व्यापारियों को बुलाया और उनकी बैठक की। इस दौरान मैंने उन्हें विस्तार से लव जिहाद के बारे में बताया। गौड़ ने कहा कि छांगुर बाबा का पकड़ाया जाना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि लव जिहाद अब एक संगठित अपराध बन चुका है। इसके लिए बाकायदा फंडिंग हो रही है और इसका नेटवर्क है। इसमें मुस्लिम युवकों को पैसा दिया जाता है ताकि वे हिंदू बहन-बेटियों को अपने झूठे प्यार में फंसा सकें और उनका शोषण कर सकें। मैंने व्यापारियों से आग्रह किया कि कोई भी जिहादी मानसिकता का व्यक्ति हमारे बीच में है तो उसे तत्काल बाहर करना चाहिए। यह हिंदू बहन-बेटियों के मान-सम्मान का प्रश्न है। एकलव्य ने आगे कहा कि मैंने यह कहीं नहीं कहा कि मुस्लिमों को बाहर किया जाए, मैंने कहा कि जिहादी मानसिकता का कोई भी व्यक्ति हो, उसे तुरंत बाहर करना चाहिए। वहीं कौन जिहादी मानसिकता वाला व्यक्ति है और कौन नहीं, यह व्यापारियों को तय करना चाहिए। हमने एक आग्रह और अपील के साथ उन्हें इस कड़वी सच्चाई से अवगत कराया है।इंदौर के शीतलामाता बाजार में इस समय लगभग 400 दुकानों का संचालन होता है, जहां पर 70 मुस्लिम सेल्समैन काम कर रहे हैं। व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार, अधिकांश मुस्लिम सेल्समैन को बाजार से हटा दिया गया है। वहीं कुछ ऐसी दुकानें भी हैं, जहां मुस्लिम व्यापारी किराए पर लेकर व्यापार कर रहे हैं। इनके यहां पर हिंदू काम करते हैं, लेकिन इन दुकानों को खाली कराया जा रहा है।

## प्रेमिका की मौत के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर। भंवरकुआं इलाके में प्रेमिका की मौत के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने शादी का वादा करके बाद में मुकर गया था, जिससे युवती ने आत्महत्या कर ली। भंवरकुआं पुलिस के एसआई धर्मवीर सिंह चौहान ने बताया कि आरती (पुत्री गुलाब शर्मा, निवासी भंवरकुआं) ने 28 अप्रैल को आत्महत्या कर ली थी। मौके से पुलिस ने उसका आईफोन जब्त किया था। मोबाइल की जांच में इंस्टाग्राम चैटिंग और कॉल रिकॉर्डिंग मिली।चैटिंग के अनुसार, 24 अप्रैल को आरती और उसके प्रेमी प्रशांत (पुत्र मोहन चंद्र तिवारी, निवासी बद्रीपुरा, हल्द्वानी, उत्तराखंड) के बीच बहस हुई थी। इसमें प्रशांत ने आरती से कहा था कि "उसका सिर्फ इस्तेमाल किया है।" इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल पर भी विवाद हुआ। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि प्रशांत ने आरती से शादी का वादा किया था, लेकिन बाद में इंकार कर दिया। आरती के पिता और परिवार के अन्य लोगों ने भी पुलिस को दिए बयानों में यही बात बताई। सभी तथ्यों और सबूतों के आधार पर पुलिस ने प्रशांत के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मामले की आगे जांच जारी है।

# बैंक ने 132 करोड़ की जानकारी छिपाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में 60 से ज्यादा सोसाइटी और व्यक्तिगत खातों में जमा लगभग 132 करोड़ रुपए की जानकारी बैंक प्रबंधन ने आयकर विभाग को नहीं दी। यह राशि खातों में जमा होने के बाद आयकर अधिनियम के प्रावधानों के तहत विभाग को सूचित किया जाना आवश्यक था।**

आयकर विभाग की ओर से 24 सितंबर को बैंक के मुख्य कार्यालय में स्पॉट वेरिफिकेशन की कार्यवाही शुरू की गई, जो 25 सितंबर की शाम तक चली। इस दो दिन की जांच में सामने आया कि बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक की अवधि




में 60 से अधिक खातों की जानकारी विभाग को साझा नहीं की। इन खातों में कई अलग-अलग सोसाइटी और व्यक्तिगत खातेदार शामिल हैं। जांच में यह तथ्य सामने आया कि कई चालू खातों में 50 लाख रुपए से अधिक नकद जमा किए गए। बचत खातों में 10 लाख रुपए से अधिक नकद जमा पाए गए। 10 लाख से अधिक के फिक्स डिपॉजिट भी बनाए गए। इन सभी लेन-देन को मिलाकर कुल राशि लगभग 132 करोड़ रुपए होती है, जिसकी जानकारी SFT (स्टेटमेंट ऑफ फाइनेंस ट्रांजेक्शन) फाइलिंग के माध्यम से आयकर विभाग को दी जानी चाहिए थी। बैंक प्रबंधन ने अब इस मामले में आगे हर संभव सहयोग का आश्वासन आयकर अधिकारियों को दिया है। बैंक ने यह भी कहा है कि वह अपनी SFT फाइलिंग प्रक्रिया में हुई गलतियों को सुधारने के लिए कदम उठाएगा और जिन तकनीकी या प्रणालीगत कारणों से यह चूक हुई, उन्हें जल्द ही आयकर विभाग से संपर्क कर दुरुस्त किया जाएगा। यह स्पॉट वेरिफिकेशन की कार्यवाही आयकर निदेशक डॉ. सुधाकर एन. शिंदे के निर्देशन में, इंटेलिजेंस एवं क्रिमिनल इन्वेस्टीगेशन विंग भोपाल द्वारा की गई।

# छात्रा के घर चक्कर लगाने लगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी पुलिस ने एक छात्रा की शिकायत पर अभिजीत खेड़े के खिलाफ मोबाइल पर परेशान करने और दुकान के आसपास चक्कर लगाने के मामले में एफआईआर की है। छात्रा ने बताया कि वह आरोपी अभिजीत को 7 साल से जानती है। पहले दोनों में दोस्ती थी। झगड़ा होने के चलते बातचीत बंद कर दी। 22 जुलाई को अभिजीत ने मोबाइल पर कॉल करने के साथ मैसेज भेजने लगा। आरोपी ने कहा कि वह उसे पंसद करता है। बात क्यों नही करती है। वह दबाव बनाने लगा। इस पर छात्रा ने मना कर दिया। इसके बाद पीड़िता की दुकान पर आरोपी चक्कर लगाने लगा। पिता ने उसे देखा इसके बाद छात्रा से पूछताछ की। छात्रा ने बताया कि जब वह दुकान पर आती है तो आरोपी यहां के चक्कर लगाता है। घर पर अकेले रहती है तो वहीं आसपास घूमते रहता है। इसके बाद छात्रा को लेकर उसके पिता थाने पहुंचे और शिकायत की।

## नाबालिग से छेड़छाड़, घर के सामने से किए इशारे

**इंदौर।** बाणगंगा में 13 साल की नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी नाबालिग के घर के पास ही रहता है। वह लड़की को घर के बाहर से अश्लील इशारे करता था। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। बाणगंगा पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर हेमंत पुत्र कवंरलाल नरवरिया निवासी भवानी नगर के खिलाफ एफआईआर की है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने 6वीं तक पढ़ाई की है। अभी वर्तमान में घर पर रहती है। गुरुवार को घर के बाहर खड़ी थी तभी गली में रहने हेमंत ने उसे गंदे इशारे किए।

वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स को दिए गए निर्देश

# किसानों को लाभान्वित करेगी भावांतर योजना : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## ◆सोयाबीन विक्रय का पूरा लाभ लेंगे अन्नदाता

## ◆10 अक्टूबर से ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की जा रही भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व दिए जाएं। इस योजना की विशेषताओं को प्रत्येक स्तर पर प्रचारित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले।**





सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि योजना के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्नदाताओं की चिंता कर सोयाबीन को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित की है। मध्यप्रदेश सरकार किसानों को उनके उत्पादन का मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस तरह धान और गेहूं पर किसानों को उनके परिश्रम की कीमत दिलवाने का कार्य किया गया है, उसी तरह सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी लाभ दिलवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए लागू की जा रही भावांतर योजना के संबंध में शुक्रवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स को निर्देशित कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेंस में वरिष्ठ विधायक और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस में विभिन्न मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य सचिव अनुराग जैन, संबंधित वरिष्ठ अधिकारी, समस्त कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर्स किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलवाने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी नहीं होना चाहिए। हितग्राही को सीधा लाभ मिलना चाहिए। सभी के प्रयासों से भावांतर योजना पूर्णता सफल होगी। भावांतर योजना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25 अक्टूबर तक चलेगा। भावांतर की अवधि 1 नवम्बर से 2025 से 31 जनवरी 2026 तक रहेगी। पंजीकृत कृषक और उनके रकबे के सत्यापन की प्रक्रिया राजस्व विभाग के माध्यम से होगी। किसानों के भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

### मुख्यमंत्री से अनेक उद्योगपतियों ने की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में उद्योगों के विकास से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हो रहे हैं। निवेश के इस यज्ञ में उद्योगपतियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से शुक्रवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग स्थापना के लिए नीतियां निर्धारित की गई हैं, जिसके फलस्वरूप राज्य में अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है। उद्योगपतियों को नीतियों की परिधि में और आवश्यकता होने पर नीतियों से बाहर जाकर भी उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट करने वालों में लोहिया ग्रीन एनर्जी ग्रुप के प्रदीप मित्तल एवं सुरेन्द्र सुमन, ट्रायडेंट ग्रुप के चेयरमैन राजिन्दर गुप्ता, जैक्सन ग्रुप के प्रोप्राइटर, संदीप गुप्ता और गगनदीप चानना, पैसिफिक आयरन मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड के चेयरमैन जे. पी. अग्रवाल एवं सुमीत अग्रवाल, आर. एस. डब्ल्यू. एम. लिमिटेड (एल. एन. जे. भीलवाड़ा समूह) के राजीव गुप्ता और अंकुर खेतान, एल्टिस इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड के विशाल खासगीवाला, एन-विजन एनवायरनमेंटल सर्विसेज एवं शेष एनवायरो इन्फ्रा प्रा. लिमिटेड के कुनाल शाह और डॉ. उमंग शाह तथा पार्थ कंस्ट्रक्शन के श्री नितिन अग्रवाल शामिल थे।

### सिपाही ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

**भोपाल, एजेंसी।** बंगरसिया के सीआरपीएफ कैम्प में रहने वाले एक सिपाही ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उनका शव शुक्रवार तड़के पत्नी ने फंदे पर लटका देखा। गुरुवार की रात को पढ़ाई को लेकर उन्होंने बच्चों को फटकार लगाई थी। इस बात से उनकी पत्नी भी उनसे नाराज हो गई थी। सुसाइड नोट नहीं मिलने से खुदकुशी के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई अमोल शर्मा ने बताया कि मूलतः गुणगांव हरियाणा निवासी महेश कुमार पुत्र बाबूलाल(43) सीआरपीएफ में आरक्षक (बिगुलर) थे और इन दिनों जालंधर में पदस्थ थे। बंगरसिया स्थित सीआरपीएफ कैम्प में अपनी पत्नी, बेटा और बेटी के साथ रहते थे।

### दुर्गा पंडाल में दलित को पूजा करने से रोका

**सिवनी, एजेंसी।** दुर्गा पंडाल में दलित को पूजा करने से रोक दिया। पीड़ित मंदिर में चंदा देने गया, तो उसे यह कहकर भगा दिया कि हरिजन को मंदिर में नहीं चढ़ने देंगे। चंदा भी नहीं लेंगे। पुलिस ने मामले में एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। तीनों आरोपी फरार हैं। मामला 24 सितंबर का है। इसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया। जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर छपारा थाना क्षेत्र में सादक सिवनी गांव है। आबादी करीब 1480 लोगों की है। यहां साहू, यादव, ओबीसी, एससी-एसटी और सामान्य जाति के लोग रहते हैं। पीड़ित श्यामलाल अहिरवार ने बताया कि गांव में खेरमाई मंदिर है। यहां चबूतरे पर ही नवदुर्गा में चंदा इकट्ठा कर मूर्ति स्थापित की है। गांव के श्यामलाल अहिरवार ने बताया कि 24 सितंबर की सुबह 9-10 बजे पत्नी संतोषीबाई व बेटे के साथ मंदिर में पूजा करने गए। वहीं से खेत पर चले गए। लौटने पर चंदा देने के लिए मंदिर के पास पहुंचा।

अब मंत्री शाह बोले-

# विधायक, मेरी बहन क्या मैं चुंबन लूंगा...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** 'आज के हमारे प्रतिपक्ष के नेता ऐसे हैं कि अपनी जवान बहन को बीच चौराहे पर चुंबन करते हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप में से कौन है, जो अपनी जवान बहन-बेटी को बीच चौराहे पर चुंबन करता है। ये संस्कारों का अभाव है। ये संस्कार तो विदेशी संस्कृति के हैं।'

गुरुवार को शाजापुर में दिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस बयान पर बवाल मचा तो उन्होंने कहा- मैं भी अपनी बहन का सिर चूमता हूं। मैं रिश्ते की पवित्रता पर सवाल नहीं उठा रहा। मैंने भारतीय संस्कृति और विदेशी संस्कृति की बात की है। मंत्री विजय शाह ने विजयवर्गीय के बयान का समर्थन किया है। खंडवा में उन्होंने बगल में बैठी विधायक कंचन तनवे की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये मेरी सगी बहन भी हैं तो क्या मैं सार्वजनिक रूप से चुंबन लूंगा। यह हिंदुस्तानी संस्कृति और सभ्यता नहीं सिखाती है। इधर, कांग्रेस ने विजयवर्गीय के बयान के खिलाफ प्रदेश के कई शहरों में प्रदर्शन किया। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने खरगोन में कहा- कैलाश विजयवर्गीय ने जिस तरह की घृणित टिप्पणी की है। ये भारत की संस्कृति, परंपरा और भाई बहन के रिश्ते को चुनौती दी है। विकृत मानसिकता के मंत्री का इस्तीफा होना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल में मंत्री के घर का घेराव किया। इस दौरान पुलिस ने उनकी झूमाझटकी भी हुई। कार्यकर्ताओं ने विजयवर्गीय के पोस्टर पर बनी जीभ पर गंगाजल छिड़क कर 'शुद्धिकरण' किया। कांग्रेस का कहना है कि मंत्री का बयान महिलाओं और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का अपमान है। वहीं शाजापुर में भी कांग्रेस ने मंत्री के पुतले फूंके।



### मैंने विदेशी और भारतीय संस्कृति की बात कही

अपने बयान पर शुक्रवार को भोपाल में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- मैं किसी रिश्ते की पवित्रता पर प्रश्न चिन्ह नहीं लगा रहा हूं। भारतीय संस्कृति में सभी रिश्ते पवित्र हैं। लेकिन रिश्तों की एक मर्यादा है, मैं उसकी बात कर रहा हूं। मैंने जो कहा वो ये बात है कि विदेशों में ये चलता है। हमारे यहां इस तरह की संस्कृति नहीं हैं। विजयवर्गीय ने पूछा- आप भी पत्रकार हैं। आप अपनी बहन को बीच चौराहे पर आलिंगन करते हैं क्या? हमारे संबंध प्रेम के संबंध हैं। मैं भी अपनी बहन का सिर चूमता हूं। मैं रिश्ते की पवित्रता पर प्रश्न चिन्ह नहीं उठा रहा हूं। मेरा पूरा भाषण सुनते तो यह प्रश्न ही नहीं उठता। मैंने भारतीय संस्कृति और विदेशी संस्कृति की बात की है। विजयवर्गीय ने कहा- मेरा भाषण टुकड़ों-टुकड़ों में लेकर कोई भी बात उठा लेंगे तो यह अच्छी पत्रकारिता नहीं हैं।

### प्राचार्य ने टीचर को 'आई लव यू' लिखकर भेजा मैसेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** एक 50 साल के प्राचार्य पर महिला टीचर को 'आई लव यू' मैसेज भेजने का आरोप है। उन्होंने हिंदी फिल्म का गाना 'फूल तुम्हें भेजा है खत' में लिखकर उनसे जवाब भी मांगा। जब टीचर ने कहा कि आप मेरे पिता जैसे हैं तो उन्होंने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मामला जिले के हथवास के एक स्कूल का है। पीड़ित टीचर ने जिला शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत की थी। मामला सामने आने पर शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी ज्योति प्रह्लादी ने तीन सदस्यीय जांच टीम हथवास भेजी। जांच में प्रथम दृष्टया शिक्षिका द्वारा लगाएं आरोप सही पाएं गए। पीड़िता शिक्षिका के अलावा स्कूल की 8 से अधिक महिला शिक्षिकाओं ने भी प्राचार्य पर प्रताड़ना के आरोप लगाए है। जांच टीम की रिपोर्ट पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नर्मदापुरम संयुक्त संचालक को प्राचार्य सुरेश श्रीवास्तव के सस्पेंड का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है।

## संपादकीय

# सभी भारतीयों को सेवा मुक्त करे

भारत ने शुक्रवार को रुस से 27 और भारतीय नागरिकों को तुरंत रिहा करने और वापस भेजने का आग्रह किया है। इन भारतीयों को रुसी सेना में भर्ती किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत ने रुसी अधिकारियों से इस मामले को उठाया है। भारत ने फिर से चेतावनी दी है कि ऐसे नौकरी के प्रस्ताव जानलेवा हो सकते हैं। यह जानकारी उन परिवारों से मिली है जिनके सदस्य रुसी सेना में शामिल हुए हैं। रुस ने अप्रैल 2024 में कहा था कि उसने भारतीय नागरिकों की भर्ती बंद कर दी है। इसके बावजूद, रुसी सेना में नौकरी के आकर्षक प्रस्तावों से भारतीयों को लुभाने की समस्या जारी है। हाल की रिपोर्टों से पता चला है कि एक दर्जन से अधिक भारतीय पुरुष रुसी सेना की इकाइयों में शामिल होने के लिए मजबूर हुए हैं। ये पुरुष ज्यादातर कश्मीर, पंजाब और हरियाणा से हैं। उन्हें यूक्रेन के साथ युद्ध में अग्रिम मोर्चे पर तैनात किया गया है। जायसवाल ने कहा कि भारत ने रुसी अधिकारियों के समक्ष इस मामले को जोरदार तरीके से उठाया है। उन्होंने कहा, 'हमने मॉस्को में रुसी अधिकारियों और नई दिल्ली स्थित रुसी दूतावास के समक्ष इस मामले को जोरदार तरीके से उठाया है और उन्हें (भारतीयों को) जल्द से जल्द सेवा मुक्त करने का अनुरोध किया है।' उन्होंने कहा, 'हम उन्हें (वहां से) बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं।' ऐसी खबरें आई हैं कि छात्र और बिजनेस वीजा पर आए कुछ भारतीयों को यूक्रेन में युद्ध के मोर्चे पर तैनात रुसी सैन्य इकाइयों में जबरन भर्ती किया गया है। भारत बार-बार रुस से अनुरोध करता रहा है कि वह रुसी सैन्य इकाइयों में रसोइया और हेल्पर जैसे सहायक कर्मियों के रुप में काम कर रहे सभी भारतीयों को सेवा मुक्त करे।

# भूत नाशक बाबा



सालों पहले माधोपुर और श्यामपुर के जंगल तक भूत-प्रेत की कहानियां फैली हुई थी। पास के ही गांव के लोग इन्हीं जंगलों में अपने जानवर चराते थे, लेकिन भूत के डर से शाम होने से पहले लौट जाते थे। एक दिन राजीव भी उसी जंगल में अपनी बकरियों के लिए घास लेने के लिए गया था।

अक्सर काम से जी-चुराने वाला राजीव मजबूरी में जंगल आया था, इसलिए उसका मन घास काटने का बिल्कुल भी नहीं था। जंगल में आसपास उसने देखा कि घास नहीं है, क्योंकि सारी गाय-बकरी घास खा गई थी। अब वो मरे मन से आगे बढ़ने लगा। जाते-जाते वो करीब जंगल के बीच में पहुंच गया था। वहां काफी हरी घास और पत्तों से लदे हुए पेड़ थे। पास में ही झरना भी बह रहा था। ये सब देखकर राजीव को और आलस आ गया। उसने सोचा कि कुछ देर पत्थरों पर बैठकर आराम कर लेता हूं।

लेटते ही राजीव गहरी नींद में चला गया और सपने देखने लगा। सपने में ही राजीव जंगल का रास्ता भूल गया था और उसने एक अजीब से आदमी को भी देखा। आदमी की शक्ल इतनी डरावनी थी कि राजीव की नींद खुल गई। डरा हुआ राजीव एकदम उठा और बकरियों के लिए घास काटने लगा। भले ही वो घास काट रहा था, लेकिन उसके जहन से सपने वाले उस डरावने इंसान की शक्ल जा ही नहीं रही थी।

राजीव घास जल्दी-जल्दी काट रहा था, क्योंकि सूरज लगभग ढलने ही वाला था। उसने कुछ देर बाद दो लोगों की आवाज सुनी। वो दौड़ता हुआ उस आवाज की तरफ बढ़ने लगा। उनके पास पहुंचकर राजीव कहने लगा कि मुझे मेरे गांव जाने का रास्ता बता दीजिए। उसकी बात सुनते ही वो दोनों वहां से एकदम गायब हो गए। उन्हें एकदमम से गायब होता देख हैरान राजीव बेहोश हो गया।

कुछ देर बाद जब राजीव को होश आया, तो उसने अपने सामने वही सपने वाला डरावना आदमी देखा। उसी आंखें लाल रंग की थी और दांत बाहर को निकले हुए। किसी तरह से खुद को संभालकर राजीव वहां से पागलों की तरह दौड़ने लगा। उसी वक्त एक भालू उससे टकरा गया। उसने ऐसा झपटा मारा राजीव पर कि वो नीचे गिर गया। तभी भालू भी आदमी की शक्ल में आ गया। वो भी अजीब और डरावना था। हाथ टेढ़े-मेड़े, होंठ कटे हुए और पैर उल्टे थे।

इधर, जंगल में फंसे राजीव को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि उसके साथ क्या हो रहा है। उधर, उसके घर वाले परेशान हो रहे थे। रात के दस बज चुके थे, लेकिन राजीव घर नहीं लौटा था। उसका भाई उसे ढूंढने के लिए जंगल की तरफ निकल गया। राजीव का भाई एक पैर से ठीक से चल नहीं पाता था, इसलिए मदद के लिए उसके माता-पिता के साथ ही गांव के कुछ लोग भी निकल पड़े।

जंगल पहुंचने के बाद सबने राजीव के भाई और मां को जंगल के बाहर के हिस्से में ही रूकने के लिए कहा और खुद टॉर्च और कुछ हथियार लेकर अंदर चले गए। करीब तीन से चार घंटे तक सबने जंगल के चारों ओर उसे ढूंढा, लेकिन वो कहीं नहीं मिला। बस अब जंगल का अंदरुनी और घना हिस्सा ही बचा था। रात के चार बज रहे थे, इसलिए सबने सुबह होने का इंतजार करने का फैसला लिया और कुछ देर जंगल में ही बैठ गए।

सुबह होते ही सब आगे बढ़े और राजीव की तलाश शुरू की, लेकिन वो कहीं भी नहीं मिला। सब थक हारकर अपने-अपने घर लौट आए। राजीव किसी एक कोने में भूख-प्यास से तड़पता हुआ पड़ा था। उसे इतना होश भी नहीं था कि वो कहा है।

राजीव का परिवार भी तीन दिन से उसकी याद में परेशान थे। राजीव के भाई के मन में हुआ कि वो पक्का कहीं मुसीबत में ही होगा। अब मुझे भगवान को याद करना चाहिए। उसने तुरंत नीम के पेड़ के नीचे गड्ढा खोदना शुरू कर दिया। भाई लौटेगा-भाई लौटेगा कहते-कहते किसी तरह से उसने गड्ढा खोद लिया। अब रोज सुबह वह उस गड्ढे में जल और दूध चढ़ाता था। उसका मानना था कि उनके देवता उसी नीम के नीचे ही रहते हैं।

वो रोज सुबह उसी पेड़ के पास बैठ जाता और उसे कोई भी उठाने के लिए आता, तो उसे धक्का मार देता था। नीम के पेड़ के नीचे बैठकर राजीव का भाई बस यही कहता था कि मेरा भाई आएगा। उसे मेरे भगवान लेकर आएंगे। राजीव के न मिलने और उसके बड़े भाई की ऐसी हालत देखकर गांव वालों ने एक भगत को बुलाया। उन्होंने कुछ देर ध्यान लगाकर सबको बताया कि राजीव जिंदा है और वो कल घर आ जाएगा। उसकी मदद करने के लिए खुद भगवान जा रहे हैं।

कुछ दिनों बाद राजीव किसी की साइकिल में बैठकर घर सही सलामत लौटकर आ गया। उसका शरीर इतना कमजोर था कि उसे अस्पतल में भर्ती करना पड़ा। करीब तीन बाद उसकी तबीयत ठीक हो गई। अब राजीव के भाई ने पूछा कि तुम्हें क्या हुआ था और किस तरह से तुम बचे?

राजीव ने बताया कि उसे जंगल में भूतों ने घेर कर रखा हुआ था। वो ऐसे खतरनाक दिखते थे कि याद करते ही डर लगता है। आवाजें भी अजीब-अजीब सी निकालकर मेरे चारों तरफ नाचते रहते थे। मुझे लगता था कि मैं कभी बच नहीं पाऊंगा उन भूतों से, लेकिन भगवान से खुद को बचाने की मिन्नते भी करता था। तभी ऐसा लगा मानो भगवान ने उसकी पुकार सुन ली हो।

उस दिन घोड़े के पैरों की आहट और उसके हिनहिनाने की आवाज आई। सभी भूत ये सुनकर शांत हो गए। घोड़े पर एक आदमी भी सवार था। उसके हाथों में तलवार थी। उसे देखते ही सारे भूत भागने लगे। वो अपनी तलवार से एक-एक को मारते हुए आगे बढ़ रहे थे। फिर उस घुड़सवार ने मेरी तरफ देखते हुए कहा कि मैं तुम्हारे लिए ही आया हूं। अब किसी तरह की चिंता मत करना। सुबह होते ही तुम्हें कोई-न-कोई लेने आ जाएगा, अभी तुम आराम करो।

राजीव ने आगे कहा कि उनकी इतनी बात से ही दिल को सुकून मिल गया था। वहां से सारे भूत भी भाग चुके थे, इसलिए मैं बिना किसी डर के सो गया। सुबह जैसे ही मेरी आंख खुली, तो वहां एक साइकिल वाला इंसान था। उसने मेरी तरफ हाथ बढ़ाकर कहा कि तुम्हारा घर कहा है बता दो, मैं तुम्हें वहां पहुंचा दूंगा। उसके बाद वो मुझे घर ले आया।

### कहानी से सीख :

भगवान पर अटल विश्वास हो, तो वो भक्त की मदद करने के लिए किसी-न-किसी रूप में जरूर आते हैं।

New Delhi

# लौटते मानसून का कहर: ओडिशा से कर्नाटक तक भारी बारिश से मची तबाही, स्कूल बंद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कई राज्यों में लौटते मानसून के चलते हो रही भारी बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। ओडिशा, मुंबई, तेलंगाना और कर्नाटक में भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में जलभराव से यातायात बाधित हो गया और लोगों को राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बना डिप्रेशन शनिवार सुबह करीब 4:30 बजे ओडिशा के गंजाम जिले में गोपालपुर तट से टकराया, जिससे राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार यह धीरे-धीरे पश्चिम की ओर बढ़ते हुए अगले



24 घंटों में कमजोर होगा।

बता दें कि ओडिशा में हो रही भारी बारिश के चलते पीएम नरेंद्र मोदी का ओडिशा दौरा भी प्रभावित हुआ। पहले उनका जनसभा स्थल गंजाम जिले के बेरहामपुर में तय था, लेकिन भारी बारिश की आशंका के कारण कार्यक्रम को झारसुगुड़ा में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, झारसुगुड़ा में भी तेज हवाओं और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।इसके साथ ही मौसम विभाग ने नबरंगपुर जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि कोरापुट, मलकानगिरी, रायगढ़ा, गजपति, गंजाम समेत अन्य जिलों में येलो अलर्ट है। मछुआरों को 27 सितंबर दोपहर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

Uttarpradesh

## गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर बेकाबू THAR डिवाइडर से टकराई, 5 की मौत, 1 की हालत गंभीर



**गुरुग्राम, (एजेंसी) गुरुग्राम में शनिवार सुबह दिल्ली-जयपुर हाईवे पर झाड़सा चौक के पास तेज रफ्तार काले रंग की थार गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में 3 लड़कियों सहित 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है, जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

गुरुग्राम में शनिवार 27 सितंबर 2025 की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर झाड़सा चौक के पास यूपी नंबर वाली- UP81 CS 2319 तेज रफ्तार काले रंग की थार गाड़ी के डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 4:30 बजे हुआ, जब थार कार का ड्राइवर तेज गति के कारण नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई। यह हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त कार दिल्ली से गुरुग्राम की ओर जा रही थी। गाड़ी में कुल छह लोग सवार थे, जिनमें तीन युवक और तीन युवतियां शामिल थीं। हादसे में दो युवतियों और दो युवकों समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, एक लड़की ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, एक युवक गंभीर रूप से घायल है और निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

Uttarpradesh

## बरेली-मऊ में 'आई लव मोहम्मद' विवाद पर बवाल

**बरेली, (एजेंसी)** बरेली में जुमे पर 'आई लव मोहम्मद' विवाद को लेकर 3 जगहों पर बवाल हो गया। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इससे भगदड़ मच गई। दरअसल, मौलाना तौकीर रजा ने मुस्लिमों से शहर के इस्लामिया ग्राउंड में प्रदर्शन करने की अपील की थी। जुमे की नमाज के बाद भीड़ सड़क पर उतर आई और जबरन ग्राउंड में जाने की जिद पर अड़ गई। पुलिस के मुताबिक, भीड़ को रोका गया। इस पर भीड़ ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। धार्मिक नारे लगाए और उग्र हो गए। पथराव शुरू कर दिया। छतों से भी पत्थर फेंके। पुलिस ने हालात पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। बारादरी और प्रेमनगर क्षेत्र में भी बवाल हुआ। पुलिस ने शहर में बाजार बंद करा दिए। पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा को हिरासत में ले लिया है। मौलाना तौकीर रजा इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (IMC) के अध्यक्ष हैं। इन पर 2010 में बरेली में दंगा करवाने का भी आरोप है। मामला अभी कोर्ट में है। बरेली के DIG अजय कुमार साहनी ने बताया- 95 फीसदी लोगों ने शांति से नमाज पढ़ी और वापस चले गए।

Bihar

## नीतीश कुमार की सभा में उचक्कों ने किया हाथ साफ, कई महिलाओं के चेन-मंगलसूत्र उड़े

**दरभंगा, (एजेंसी)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को आयोजित सभा में चोरों ने जमकर हाथ साफ किए। राघोपुर गांव में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनसभा के दौरान उचक्कों ने सभा स्थल पर मौजूद कई महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र गायब कर दिए। सभा समाप्त होने के बाद महिलाओं को अपने गहनों के चोरी होने का अहसास हुआ। कई महिलाएं अपने गले से चेन और मंगलसूत्र गायब देखकर फूट-फूटकर रोने लगीं। पीड़ित महिलाओं और उनके परिजन ने घटना की जानकारी देते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। सीएम नीतीश की सभा में लगभग 12 महिलाओं के गहने चोरी होने की सूचना है। महिलाओं ने कहा कि जब मुख्यमंत्री की सभा में जहां सैकड़ों की संख्या



में पुलिसकर्मी हैं और इतनी बड़ी घटना हो सकती है तो खुली सड़कों पर लोग कैसे सुरक्षित रहेंगे। पीड़ित महिलाएं अपने गुम हुए गहनों की तलाश में भटकती रहीं। घटना के बाद से महिलाओं में भारी आक्रोश दिखा जिसके बाद सभी ने मुख्य सड़क जाम कर हंगामा किया, जिससे दरभंगा के जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक की गाड़ी समेत कई गाड़ियां फंसी रहीं।

खेल

# भारत ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराया

◆ अर्शदीप ने महज 2 रन दिए, टी-20 एशिया कप में पहली बार मैच टाई हुआ

**दुबई। भारत ने एशिया कप 2025 में अपना अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने आखिरी सुपर-4 मैच में श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया। इसमें भारत को 3 रन का टारगेट मिला था, जिसे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली गेंद में हासिल कर लिया।**

शुक्रवार रात को भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाए। ऐसे में फैसला सुपर ओवर में हुआ।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 203 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम से पथुम निसांका ने 58 बॉल पर 107 रन की पारी खेली। उन्होंने कुसल परेरा (58 रन) के साथ 127 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने मैच टाई कराया।

इससे पहले भारतीय टीम ने मौजूदा एशिया कप में पहली बार



200 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया था। ओपनर अभिषेक शर्मा ने 31 बॉल पर 61 रन बनाए। तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 39 और अक्षर पटेल ने नाबाद 21 रन बनाए। श्रीलंका के 5 गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। इनमें महीश तीक्षणा, दुष्मंथा चमीरा, वानिंदू हसरंगा, दसुन शनाका और चरिथ असलंका शामिल रहे। मैच का स्कोरबोर्ड

### खास बातें...

पथुम निसांका ने 18वीं बार 50 प्लस स्कोर बनाया है। वे श्रीलंका की ओर से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने के मामले में कुसल मेंडिस (17 बॉल) को पीछे छोड़ा।

पथुम निसांका (107 रन) ने टी-20 क्रिकेट में श्रीलंका की ओर से सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर बनाया है। उन्होंने तिलकरत्ने दिलशान (104 रन) को पीछे छोड़ा।

टी-20 एशिया कप में पहली बार कोई मैच टाई हुआ है, इसे सुपर ओवर में भारत ने जीता। टी-20 एशिया कप का पहला आयोजन 2016 में हुआ था।

### ◆ प्लेयर ऑफ द मैच : पथुम निसांका

श्रीलंकाई ओपनर पथुम निसांका प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 7 रन पर कुसल मेंडिस (शून्य) का विकेट गंवाने के बाद श्रीलंकाई पारी को संभाला। निसांका ने कुसल परेरा के साथ दूसरे विकेट के लिए 127 रनों की साझेदारी की। लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। वे 20वें ओवर की पहली बॉल पर आउट हुए। निसांका ने 52 बॉल पर शतक पूरा किया।

सिनेमा

## 4 साल में हुआ तलाक, करोड़पति एक्टर ने हीरोइन संग रचाई थी दूसरी शादी, बहू के लिए पिता बोले- वो मेरी बेटी...



नागा चैतन्य साउथ सिनेमा के जाने-माने एक्टर हैं. प्रोफेशनल लाइफ में वो काफी अच्छा कर रहे हैं. एक्टर के तौर पर उन्होंने काफी नाम कमाया है. मगर पर्सनल लाइफ में उन्होंने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं. तलाक के बाद नागा चैतन्य ने पिछले साल दिसंबर में एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला संग दूसरी शादी रचाई थी. नागा की दूसरी पत्नी शोभिता संग उनके पिता और सुपरस्टार एक्टर नागार्जुन कैसा बॉन्ड शेयर करते हैं? अब उन्होंने इस बारे में बात की है. तो आइए जानते हैं... हाल ही में TOI संग बातचीत में नागार्जुन ने बहू शोभिता धुलिपाला संग अपने रिश्ते पर बातचीत की. बहू शोभिता संग अपने बॉन्ड पर नागार्जुन बोले- वो शानदार हैं. हम किताबों और म्यूजिक के बारे में बात करते हैं. वो फिलहाल नागा के घर में गार्डन बनाना चाहती हैं. 'मुझे भी गार्डनिंग में खास इंटरेस्ट है. हम इस बारे में ज्यादा बातें करते हैं. हमारा रिश्ता बेहद खूबसूरत है. ऐसा लगता है कि घर में एक बेटी आ गई है. हमारी अब दो बेटियां हैं जैनब (अखिल की पत्नी) और शोभिता.' इससे पहले एक पुराने इंटरव्यू में नागार्जुन ने बताया था कि बेटे नागा चैतन्य और शोभिता को उन्होंने ही मिलवाया था. उन्होंने बताया था कि 'गुडाचारी' फिल्म में वो शोभिता की परफॉर्मेंस से काफी इंप्रेस हुए थे.

## Highlights

1. India-Bhutan's 1st rail link fast-tracked with special status
2. Indore man hits ex-partner with scooter as she refuses to reconcile
3. Jaishankar defends India's oil imports amid Trump criticism
4. Which Indian firms may not be impacted by Trump's 100% tariffs on pharma imports?
5. SC permits manufacturing of green firecrackers in Delhi-NCR, bans sale

# Tata Motors undergoes top-level management changes ahead of planned demerger

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Motors Ltd. has undergone top-level management changes ahead of a planned demerger into two listed companies housing its cars and trucking businesses.

PB Balaji has resigned as group chief financial officer and key managerial personnel of Tata Motors to take charge as the chief executive officer of Jaguar Land Rover Automotive Plc, according to an exchange filing on Friday. The change is effective 17 November 2025.

At the same time, Shailesh Chandra has been appointed as an additional director, MD & CEO as well as KMP of Tata Motors for a period of three years effective 1 October 2025. He will continue to be the MD of Tata Passenger Electric Mobility Ltd. — the EV unit of the company.

Girish Wagh, meanwhile, has resigned as an executive director and KMP of the company to become the



MD and CEO as well as KMP of TML Commercial Vehicles Ltd.—the company proposed to be listed after the demerger. The change is effective 1 October 2025.

Separately, Dhiman Gupta—currently CFO and KMP of Tata Motors EV—will now take charge as CFO and KMP of Tata Motors, effective 17 November 2025.

Essentially, Tata Motors Group now has a triumvirate leading its automotive business—Shailesh Chandra as the CEO of Tata Motors PV, Girish Wagh as the CEO of Tata Motors CV and PB Balaji as JLR CEO.

Other Management Changes

Hanne Sorensen, Kosaraju Veerayya Chowdary and Guenter Karl Butschek have ceased to be independent directors of Tata Motors. Sorensen will continue to be a director on the board of Jaguar Land Rover Automotive Plc. Chowdary and Butschek will join the board of TML Commercial Vehicles. The changes are effective 1 October 2025.

Sudha Krishnan will join the board of Tata Motors as independent director from 1 October.

PB Balaji will join the board of Tata Motors as non-executive director from 17 November 2025.

# Trump Tariff On Pharma Proves Costly For Asian Drugmakers, EU Peers Not So Much

**NEW DEIHI, (Agency).** US President Donald Trump's 100% tariff on pharma imports dragged down stocks of Asian drugmakers but those in the European Union were largely steady.

In Europe, Genmab, Zealand Pharma, UCB , Galderma were down between 1.3% and 2.4%. Bayer and Novo Nordisk slipped 0.2% and 1%, respectively, while Merck rose 0.4%. Swiss drugmakers Roche, Novartis and Lonza



rose between 0.1% and 1.2%. In Asia, Japan's Sumitomo Pharma fell 3.5%, while Australia's CSL hit a six-year low. In India, the Nifty Pharma index fell more than 2% with industry heavyweight Sun Pharmaceutical Industries Ltd. down 3% and Biocon Ltd. down nearly 5%. Analysts, however, saw the declines as "sentimental" at best. On Friday, US President Donald Trump announced 100% tariffs on imports branded drugs from 1 October 2025, unless their manufacturers have begun building US plants. Markets had braced for pharma tariffs and analysts said the impact on nearly all pharma companies should be limited. Most have a US presence and have announced large investments to come. Many Asian companies are focused on generic drugs, meaning tariffs on brands do not affect them.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक